धामी ने शुरू की मुफ्त पैथोलॉजी जाँच योजना

चर्चा में क्यों?

17 अगस्त, 2021 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के लोगों के लिये **दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल (कोरोनेशन)** में **मुफ्त पैथोलॉजी परीक्षण** योजना की शुरुआत की।

प्रमुख बिंदु

- यह योजना **सार्वजनिक निजी भागीदारी मॉडल** के तहत शुरू की गई है।
- इसके तहत **राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम)** द्वारा उपलब्ध कराई गई धनराशि से राज्य के सरकारी अस्पतालों में 207 प्रकार के पैथोलॉजिकल परीक्षण निःशुल्क किये जाएंगे।
- यह योजना दो चरणों में लागू की जाएगी। पहले चरण में यह योजना छह ज़िलों- अल्मोड़ा, टिहरी, देहरादून, नैनीताल, हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर के 38 ज़िला उप-अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में शुरू होगी। दूसरे चरण में शेष ज़िलों में निःशुल्क पैथोलॉजी जाँच योजना लागू की जाएगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/dhami-started-free-pathology-test-scheme